**ग्वालियर संस्करण की नई विज्ञापन दरें**

| | | | |
|---|---|---|---|
| वर्गीकृत विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट) 50 शब्द,प्रत्येक अतिरिक्त शब्द 5 रूपये, शीर्षक शुल्क 100 प्रतिशत अतिरिक्त | 3 DAYS 100/- | 15 DAYS 500/- | 1 MONTH 1000/- |
| डिस्पले क्लासिफाइड विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट) | 1 DAYS 500/- | 7 DAYS 1800/- | 1 MONTH 3000/- |
| पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि फोटो सहित | Size 8x1 | Rs. 500/- | |
| गुमशुदा, जन्मदिन, बधाई | Size 8x1 | Rs. 1000/- | |
| वैवाहिक | Size 6x1 | Rs. 500/- | |
| नाम परिवर्तन, लीज पॉलिसी परिवर्तन, खोया-पाया | Display Classified Rate | | |
| वैवाहिक विज्ञापन कम से कम 40 शब्द (केवल मध्यप्रदेश) 5 रूपये अतिरिक्त शब्द | Rs. 500/- | | |

Contact:-
Nava Bharat Bhavan, City Center, Gwalior
Ph. 0751-4086200, 9479319990
E-mail address-bharatnava@gmail.com

पाठकगण किसी भी वर्गीकृत विज्ञापन पर पहल करने से पहले पूरी जानकारी एकत्र कर संपर्क करें. इस संबंध में नवभारत समाचार- पत्र की जिम्मेदारी नहीं होगी.






# दीपोत्सव के लिए सजा शहर, बाजारों में देर रात तक रही भीड़

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 19 अक्टूबर।** छोटी दीपावली पर शहर में सभी बाजारों खरीददारों की ठसाठस भीड़ रही जहां देखो वहां दुकानें सामानों और खरीदारों से भरी हुई है फुटपाथी दुकानदार भी पीछे नहीं है। अपनी दीपावली रंगीन करने के लिए फुटपाथी दुकानदारों ने दुकानें भी खूब सजा रखी है इन दुकानों में रंगोली, लक्ष्मी गणेश की मूर्तियां, और भगवानों के कलेंडर, एवं लाई खील बताशे एवं पूजा की सामग्री से लेकर कई सजावट के समान की खरीददारी करते लोग नजर आ रहे थे इस साल शुरुआत से ही इन दुकानों पर अच्छी-खासी बिक्री हो रही है। महाराज बाड़े पर स्थित गोलंबर के चारों ओर फुटपाथी दुकानदारों ने दुकानें सजी हैं। शहर के सभी प्रमुख बाजारों के फुटपाथ इन दिनों दुकानदारों से गुलजार हो गए है।

**फड़, ठेलों से लेकर दुकानें तक ठसाठस, पुलिस बल रहा तैनात**

**तस्वीर, पॉट, माला और फूलों से रंग-बिरंगे हुए बाजार :** शहर के फुटपाथ भी इन दिनों रंग-बिरंगे सामान से गुलजार हैं। इन दुकानों पर घर की सजावट के लिए विभिन्न वैरायटी के सामान हैं। यहां पर मिलने वाले सस्ते सामान की खरीदारी के लिए बड़ी संख्या में ग्राहक पहुंच रहे हैं। इन फुटपाथों पर फूल, फ्लॉवर पॉट, प्लास्टिक की मालाएं, आकर्षक मूर्तियां सहित विभिन्न सामान लोगों के मन को मोह रहे हैं। शहर में मुरार, थाटीपुर, मयूर मार्केट, महाराज बाड़ा, कंपू, हजीरा, उपनगर ग्वालियर, हजीरा सहित तमाम इलाकों में सड़क और फुटपाथ पर सामान बेचने वाले दुकानदारों की दुकानों पर दिनभर ग्राहकों की भीड़ लगी रही।





**भीड़ देख खिले हैं फुटपाथियों के चेहरे :** रोज कमाने और खाने वालों ने महाराज बाड़े पर जहां पर जगह मिली वहां पर दुकान सजा ली है। महाराज बाड़ा, सदर बाजार मुरार, हजीरा सहित शहर के अन्य बाजार इन दुकानदारों से रोशन है। इन फुटपाथी दुकानदारों के घर त्योहारों पर होने वाली बिक्री से ही रोशन होते हैं। इन दिनों बाजारों में भीड़ देख इन फुटपाथी दुकानदारों के चेहरे भी खिले हुए हैं। इसके अलावा शहर के अन्य बाजारों और चौराहों के आस-पास भी अस्थायी दुकानें सज गई हैं और इन दुकानों पर दीपावली का सामान बिक रहा है।

**स्कीमों से ललचा रहे ग्राहकों को :** बाजारों में स्थित दुकानों पर ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए कारोबारी नित नई स्कीमें लेकर आ रहे हैं। ग्राहकों को विभिन्न आयटमों पर छूट दी जा रही है। वहीं कई स्थानों पर एक के साथ एक आयटम फ्री दिए जा रहे हैं। दुकानों के बाहर लगे इन पर आकर्षक ऑफर देख ग्राहक भी दुकानों में पूछताछ और खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं। इस समय बाजारों के हालात ऐसे हैं कि सुबह से लेकर शाम तक दुकानदारों के पास फुर्सत ही नहीं है।

**शहर के सभी बाजारों में पुलिस अलर्ट चोरों पर पैनी नजर :** दीपावली पर शहर के सभी बाजारों में भीड़ को देखते हुए पुलिस बल से लेकर आला अधिकारी भी नजर बनाए हुए है सुबह से देर रात तक पुलिस बाजारों में गश्त करती दिखाई दे रही है खास तौर पर चोरों पर पुलिस की विशेष नजर है।



# दीपावली पर रखें स्वास्थ्य का ख्याल : डॉ. गुप्ता

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 19 अक्टूबर।** त्योहारों के मौसम में अपनी डाइट और फिटनेस के लक्ष्यों को भूल जाना आम बात है, लेकिन इस दौरान हम कुछ बेहद हानिकारक आदतें अपना लेते हैं, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक साबित हो सकती हैं। ये तरीके आपको दिवाली के दौरान होने वाली किसी भी छोटी-मोटी परेशानी से भी बचाएंगे।



**कम मीठा खाएं :** असिस्टेंट प्रोफेसर एवं पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. निशांत गुप्ता ने कहा, त्योहारों के दौरान अपने द्वारा खाई जाने वाली मिठाइयों की मात्रा को नियंत्रित करना, आपके शरीर को स्वस्थ रखने और भविष्य में मधुमेह जैसी बीमारियों से बचने का एक बेहतर और प्रभावी तरीका है। इस दौरान बहुत सारे पटाखे फोड़े जाते हैं। इससे वायु प्रदूषण बढ़ता है और पहले से ही सांस लेने की समस्याओं से जूझ रहे लोगों के लिए यह और भी गंभीर समस्याएं पैदा कर सकता है।

**शराब या धूम्रपान का सेवन न करें :** डॉ. गुप्ता ने कहा, जिन लोगों को दिल से जुड़ी बीमारियां हैं, उनके लिए दीपावाली के दौरान शराब और धूम्रपान से दूर रहना हमेशा अच्छा होता है, क्योंकि इनसे दिल का दौरा और अन्य गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। जिनके लिए तुरंत चिकित्सा की आवश्यकता होती है।

**घर पर ही बनाएं खाना :** उन्होंने कहा कि दुकानों से खरीदने के बजाय घर पर ही खाना बनाएं। यह आपके स्वास्थ्य के लिए ज्यादा फायदेमंद हो सकता है। क्योंकि आप अपनी स्वास्थ्य समस्याओं के अनुसार इन व्यंजनों को अपनी पसंद के अनुसार बना सकते हैं।

# अवैध गांजा भरा ट्रक पकड़ा, तीन तस्कर गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 19 अक्टूबर।** पुरासानी क्षेत्र याराना ढाबा के पास बायपास पर एक अवैध रूप से गांजा भरा हुआ ट्रक खड़ा हैं पुलिस ने उक्त सूचना पर विजयवाड़ा से ट्रक में छिपाकर ला रहे अवैध गांजा सहित तीन तस्करों को ग्वालियर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया हैं।

**विजयवाड़ा से दिल्ली जा रहा था ट्रक**



ट्रक में बैठे लड़कों से नाम व पता पूछने पर उन्होने अपने अविनाश यादव पुत्र संतराम यादव उम्र 23 साल निवासी वार्ड नंबर 8 तलाव टोला ग्राम नैनपुर थाना नैनपुर जिला मण्डला, धर्मेन्द गोस्वामी उर्फ बन्टी पुत्र एलम गोस्वामी उम्र 30 साल निवासी ग्राम हार खुटियानी थाना जौरा जिला मुरैना, अजय गुर्जर उर्फ चिन्टू पुत्र रतन सिंह उम्र 27 साल निवासी ग्राम रिठौरा का पुरा थाना दिमनी जिला मुरैना का होना बताये तथा बताया कि वह लोग विजयवाड़ा से नई दिल्ली पौधे लेकर जा रहे थे और ट्रक मालिक के संबंध में पूछताछ करने पर उन्होने सर्वेश गुर्जर पुत्र रतनसिंह गुर्जर उम्र 25 साल निवासी रिठौर का पुरा थाना दिमनी जिला मुरैना को होना बताया जो कि पकड़े गये संदिग्ध अजय गुर्जर का भाई है। पुलिस टीम द्वारा तीनों संदेहियान एवं वाहन की तलाशी ली गई तो ट्रक की ट्राली खुली बॉडी में हरे पौधों के बीच में 6 प्लास्टिक की सफेद रंग की बोरियों एवं मटमैले रंग के टैप से कवर कुछ पैकेट रखे मिले। गिनती करने पर कुल 36 पैकेट एवं बोरियों के अलावा 19 पैकेट सहित कुल 55 पैकेट रखे मिले। तस्करों से कुल 280 किलो ग्राम अवैध गांजा जिसकी कीमती लगभग 28 लाख रूपये, तीन स्मार्ट मोबाइल फोन कीमती लगभग 30 हजार रूपये, वाहन टाटा ट्रक कमांक एमपी 06-एचसी-5619 कीमती लगभग 50 लाख रूपये, एवं 2,820 रूपये नगदी सहित कुल 78 लाख 32 हजार 820 रूपये का सामान जप्त किया गया हैं।

पकड़े गये तीनों आरोपियों के खिलाफ थाना झांसीरोड में एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया और गांजा तस्करों से अवैध गांजा के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है।

# हत्या के प्रयास में फरार आरोपी हथियार सहित गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 19 अक्टूबर।** थाना महाराजपुरा पुलिस ने जानलेवा फायर करने वाले हत्या का प्रयास के मामले में फरार आरोपी को अवैध हथियार सहित कर लिया।

अभिषेक यादव निवासी तिकोनिया पार्क के पास आनंद नगर बहोड़ापुर रात्रि 9.50 बजे अपने दोस्त रोविन शर्मा निवासी आनंद नगर अपने दोस्त रोहित गुर्जर से मिलने उसके घर डीडी नगर आये थे। रोहित गुर्जर के घर के सामने पार्क में रोहित गुर्जर व उसके भाई मोहित गुर्जर का आपस मे मुंहबाद हो रहा था और वह आपस में गाली गलौज कर रहे थे। अचानक मोहित उर्फ छोटू अपनी थार गाडी रजि.नं. यूपी80-जीसी-8636 से बंदूक निकालकर लाया और बोला कि आज इसको मार देता हूं और सामने फायर कर दिया तो रोहित वहां से भाग गया फिर उसने जान से मारने की नीयत से बंदूक का मुंह मेरे दोस्त रोविन शर्मा एवं मेरी तरफ करके हाथ में लिये बंदूक से फायर किया जो एक गोली रोविन के गाल में लगते हुए निकल गई जिससे उसके गाल में खून निकलने लगा गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी निकलकर आ गये थे तभी मोहित अपनी थार गाडी को लेकर वहां से भाग गया। उक्त मामले की थाना महाराजपुरा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि उक्त प्रकरण का फरार आरोपी मोहित सिंह गुर्जर थाना महारजपुरा क्षेत्र में लक्ष्मणगढ़ पुल के पास अपनी थार गाड़ी के साथ देखा गया है। पुलिस जब बताए स्थान पर पहुंची तो आरोपी युवक ने पुलिस को देखकर गाड़ी को स्टार्ट कर भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे धरदबोचा।पकड़े गये आरोपी से प्रकरण के संबंध में पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया।

# मंदिरों से प्रसाद की होम डिलेवरी पर उभरा आक्रोश

**ग्वालियर, 19 अक्टूबर।** शहर के कुछ मंदिर प्रबंधन द्वारा घरों पर भगवान की प्रसादी होम डिलेवरी के माध्यम से पहुंचाने की नई परंपरा डाले जाने पर तीखा एतराज उभर रहा है। श्री अचलेश्वर महादेव मंदिर न्यास के पूर्व सूचना सचिव महेन्द्र भदकारिया ने सनातनी परंपराओं में विश्वास रखने वाले सभी शहरवासियों की ओर से आपत्ति जताते हुए इसे सनातनी परंपराओं के सर्वथा विपरीत करार दिया है। उन्होंने कहा कि कुछ मंदिर प्रबंधन द्वारा इस संबंध में लिए गए निर्णय को यदि तत्काल वापस नहीं लिया जाता है तो सनातन में विश्वास रखने वाले आंदोलन के लिए विवश होंगे। श्री अचलेश्वर महादेव मंदिर न्यास के पूर्व सूचना सचिव महेन्द्र भदकारिया ने आज एक वक्तव्य में कहा कि श्री अचलेश्वर महादेव मंदिर, श्री सनातन धर्म मंदिर, श्री सांई बाबा मंदिर, श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर आदि मंदिरों से इस तरह की सूचनाएं आ रही हैं कि मंदिर प्रबंधन द्वारा भगवान की प्रसादी की होम डिलेवरी प्रारंभ करने की तैयारी की जा रही है, यह हम सभी के लिए अस्वीकार्य है। क्योंकि होम डिलेवरी प्रारंभ होने पर भगवान के प्रसाद के विधर्मियों, शराब व मांस का सेवन करने वाले धर्मविरोधी तत्वों के हाथों में जाने का खतरा है।

**अचलेश्वर न्यास के पूर्व सूचना सचिव भदकारिया ने इसे बताया सनातनी परंपराओं के विपरीत**

# नकली दवा बनाने वालों को कोर्ट से नहीं मिली राहत

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 19 अक्टूबर।** बिना लाइसेंस के नकली आयुर्वेदिक दवाइयां बनाने और बेचने वाले आरोपितों को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की ग्वालियर पीठ से राहत नहीं मिली है। एकलपीठ ने एफआईआर रद्द करने की मांग को अस्वीकार करते हुए कहा कि पुलिस द्वारा दर्ज अपराध प्रथम दृष्टया संज्ञेय हैं और जांच पूरी तरह वैध है। गौरतलब हैं कि थाना जनकगंज पुलिस को लंबे समय से अपने क्षेत्र में बिना औषधि लाइसेंस के नकली आयुर्वेदिक दवाइयां बनाए जाने की शिकायतें मिल रही थीं। शिकायतों की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने गहन जांच के बाद विशेष टीम गठित कर छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई में भारत सिंह कुशवाह, संतोष कुशवाह एवं विशाल सांखला द्वारा संचालित शिवम् फार्मेसी, नेहरू पेट्रोल पंप के पास, लक्ष्मीगंज, जनकगंज के परिसर से बड़ी मात्रा में नकली आयुर्वेदिक औषधियां बरामद की गईं। आयुष अधिकारी की उपस्थिति में दवाइयों के नमूने एकत्र किए गए और शेष माल जब्त कर एफआईआर दर्ज की गई। यह अपराध औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम तथा कापीराइट एक्ट के अंतर्गत पंजीकृत किया गया। जांच के दौरान आरोपी विशाल सांखला ने बयान में स्वीकार किया कि वह भारत सिंह कुशवाह एवं संतोष कुशवाह द्वारा निर्मित नकली दवाइयों को शहर के विभिन्न मेडिकल स्टोर्स पर सप्लाई करता था।

**एफआईआर निरस्त करने की याचिका की खारिज**

**कोर्ट ने माना जान को खतरे में डालने का गंभीर अपराध :** जांच में पाया गया कि ये दवाइयां बिना किसी वैध लाइसेंस, फर्म का नाम, पता या बैच नंबर अंकित किए तैयार की जा रही थीं, कोर्ट ने इसे मरीजों की जान को खतरे में डालने का गंभीर अपराध माना हैं। पुलिस ने बताया कि बार-बार पूछे जाने पर भी आरोपी ड्रग कंट्रोलर, भोपाल से जारी वैध औषधि निर्माण लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका।





# मर्सी होम और आदिवासी बस्ती में रहने वालों के साथ मनाई दीपावली

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 19 अक्टूबर।** दीपावली त्योहार के अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक(पूर्व) ग्वालियर श्रीमती विदिता डागर, सीएसपी विश्वविद्यालय सुश्री हिना खा़न, थाना प्रभारी सिरोल गोविंद बगोली एवं थाना सिरोल के कर्मचारियों द्वारा सिरोल स्थित मर्सी होम में रहने वाले दिव्यांग लोगों के साथ दिवाली उत्सव मिठाइयाँ वितरित कर मनाया।

उधर अनुभाग घाटीगांव में एसडीओपी शेखर दुबे के निर्देशन में थाना प्रभारी मोहना रशीद खा़न, थाना प्रभारी घाटीगाँव उमाशंकर तोमर, थाना प्रभारी आरोन अतुल सिंह चौहान, थाना प्रभारी भंवरपुरा आलोक सिंह तोमर ने गाँव तकिया पुरा आदिवासी बस्ती में जाकर दीपावली त्यौहार के चलते बस्ती के सभी घरों में दीपावली की मिठाई और अन्य पूजन सामग्री पटाकों का वितरण किया।

# बकाया देनदारी के लिए बनाई मानव श्रृंखला

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 19 अक्टूबर।** भाजपा सरकार द्वारा जेसी मिल मजदूरों को दीपावली पर बकाया देनदारी दिए जाने के वादा खिलाफी और जे. सी. मिल मजदूरों की बकाया देनदारी की मांग को लेकर कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा और जिला अध्यक्ष सुरेंद्र यादव के नेतृत्व में जे.सी. मिल गेट विरला नगर मे मानव श्रृंखला बनाकर विरोध प्रदर्शन किया गया।




**CHANGE OF NAME**

I, Army Service No. 15807352N, Rank- LNK Name- CHAUHAN TUSHARKUMAR SANJAYBHAI Residing at Village- Nadiad, Post- Nadiad, Tehsil- Nadiad, District- Kheda, State- Gujrat, Pin- 387002 have changed my Father's name from CHAUHAN SANJAYBHAI to CHAUHAN SANJAYBHAI SHANKARBHAI due to mismatch in my Army Service Record.
Vide Affidavit No. BX 771335 Dated 16/10/2025 before High Court, Gwalior (M.P.).

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, Army Service No. 15789902A, Rank- HAV Name- ANTARYAMI NAYAK Residing at Village- Kusupanga, Post- Kusupanga, Tehsil- Hindol Road, P.S.- Motanga, District- Dhenkanal, State- Odisha, Pin- 759121 have changed my Father's name from DUSMANTA to DUSHMANT NAYAK & Date of Birth from 01/07/1948 to 04/03/1949 due to mismatch in my Army Service Record.
Vide Affidavit No. BX 771332 Dated 16/10/2025 before High Court, Gwalior (M.P.).

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, Army Service No. 15807352N, Rank- LNK Name- CHAUHAN TUSHARKUMAR SANJAYBHAI Residing at Village- Nadiad, Post- Nadiad, Tehsil- Nadiad, District- Kheda, State- Gujrat, Pin- 387002 have changed my Mother's name from CHAUHAN SUREKHABEN to CHAUHAN SUREKHABEN SANJAYBHAI & Date of Birth from 01/06/1969 to 01/06/1966 due to mismatch in my Army Service Record.
Vide Affidavit No. BX 771336 Dated 16/10/2025 before High Court, Gwalior (M.P.).

**कब्जा नोटिस**

जबकि, जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13 (2) के साथ नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उधारकर्ता/सह-उधारकर्ताओं को मांग नोटिस जारी किए हैं, जिसमें उधारकर्ताओं से अनुरोध किया गया है कि वे संबंधित नामों के समक्ष उल्लिखित राशि को, उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर, उक्त नोटिस में उल्लिखित लागू दरों पर ब्याज सहित, और भुगतान और/या वसूली की तिथि तक किए गए भावी आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि सहित चुका दें.

| क्र. | ऋण संख्या | उधारकर्ता/ सह-उधारकर्ता/ गारंटर/ बंधककर्ता | 13(2) नोटिस दिनांक/ बकाया राशि (रु. में) | दिनांक/समय और कब्जे का प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 45519420004895 और 45519420005807 | 1) श्री पप्पू बाथम पुत्र धनीराम बाथम 2) श्रीमती उर्मिला बाथम पत्नी पप्पू बाथम | 06.08.2025 04.08.2025 तक रु. 13,13,329.72 (रु. तेरह लाख तेरह हजार तीन सौ उनतीस और बहत्तर पैसे मात्र) | दिनांक 17.10.2025 समय दोपहर 12.37 प्रतीकात्मक कब्ज़ा |

**सुरक्षित संपति का विवरण-** प्लॉट संख्या 36 वाला वह समस्त भूखंड, जिसका क्षेत्रफल 836 वर्ग फुट (77.69 वर्ग मीटर) है, और उस पर निर्माण कार्य सहित, भूमि सर्वेक्षण संख्या 112/2, 112/3/1, 70/1, 75/1/1, 228/2, 629/112, 108/2, 112/3/2, 115/2, 73/2, 115/1, 73/1/3, 75/1/3, 75/1/2 का भाग, ग्राम भाटखेड़ी, नगर निगम वार्ड संख्या 60, नगर निगम ग्वालियर, परगना एवं जिला ग्वालियर (मध्य प्रदेश) की सीमा के भीतर स्थित है. सीमा- पूर्व में- प्लॉट संख्या 37 श्रीमती रानी शाक्य, पश्चिम में- प्लॉट संख्या 35 पर निर्मित मकान श्रीमती कविता, उत्तर में- कॉमन रोड और दक्षिण में- अन्य का प्लॉट.

चूंकि यहाँ ऊपर उल्लिखित ऋणी/सह-ऋणी/गारंटर/बंधककर्ता देय राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं, अत: यहाँ विशेष रूप से ऋणी और आम जनता को सूचित किया जाता है कि जन लघु वित्त बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने उपरोक्त वर्णित संपत्तियों/ सुरक्षित परिसंपत्तियों का कब्जा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उपरोक्त तिथियों को उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित, ले लिया है. यहाँ विशेष रूप से ऊपर उल्लिखित ऋणी/सह-ऋणी/गारंटर/बंधककर्ता और आम जनता को एतद् द्वारा आगाह किया जाता है कि वे उपरोक्त संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों के साथ लेन-देन न करें और उक्त संपत्तियों/ सुरक्षित परिसंपत्तियों के साथ कोई भी लेन-देन जन लघु वित्त बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा.

स्थान : ग्वालियर
दिनांक : 20.10.2025

हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी
जन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के लिए

**JANA SMALL FINANCE BANK** (A Scheduled Commercial Bank)

**पंजीकृत कार्यालय-** द फेयरवे, भूतल एवं प्रथम तल, सर्वेक्षण संख्या 10/1, 11/2 एवं 12/2बी, डोमलूर के पास, कोरमंगला इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क के बगल में, चल्लघट्टा, बैंगलोर-560071. **शाखा कार्यालय-** प्लॉट संख्या 131/01, भूतल, मध्य प्रदेश नगर ज़ोन-2, भोपाल (मध्य प्रदेश)-462011।